| तारीख हुक्म | हुक्म वा कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | श्री ओमाराम बंजारा पुत्र श्री मंगलाराम, मु.पो. चोटिला, तहसील रोहट, जिला पाली (राज.) 306421<br>**बनाम**<br>लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, पाली<br>प्रथम सूचना अपील संख्या :– 120/2022<br>जीसीएमएस नं. :– 2022/465<br>(अपील अन्तर्गत धारा 19(1) आर.टी.आई. एक्ट 2005) | |

–: निर्णय :–

20.05.2024

1. पत्रावली आज पेश हुई । प्रत्यर्थी उपस्थित।

2. अपीलार्थी ने अपने आवेदन–पत्र दिनांक 08.05.2022 में वर्णित सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, पाली से चाही गई थी परन्तु प्रत्यर्थी के द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत कर प्रत्यर्थी से सूचना दिलाये जाने का निवेदन किया है।

3. लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, पाली ने इस न्यायालय को अवगत कराया कि अपीलार्थी द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है अपीलार्थी को भी उक्त संबंध में इस कार्यालय द्वारा सूचित कर दिया गया। अतः अपील अपीलार्थी खारिज फरमाई जावे।

4. हमने पत्रावली का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, पाली द्वारा अपीलार्थी को प्रेषित सूचना/जवाब के विपरीत अपीलार्थी की ओर से किसी प्रकार की आपत्ति/प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। ऐसी स्थिति में यह माना जाना उचित होगा कि वांछित सूचना के संबंध में सूचना अपीलार्थी को प्राप्त हो गई है तथा वह रेस्पोडेण्ट के जवाब से संतुष्ट है।

5. अतः उपरोक्त विवेचन के परिप्रेक्ष्य में अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है।

6. निर्णय आज दिनांक 20.05.2024 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार हो कर नम्बर से कम हो बाद जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

(एल.एन. मंत्री)
प्रथम अपीलीय अधिकारी
लोक सूचना एवं जिला कलक्टर पाली